# खरीदी का खेल? चना उपार्जन में दोहरी व्यवस्था से उठे गंभीर सवाल

**खास बातें**

- बीच सीजन बदले नियम, चना खरीदी में नई व्यवस्था से मचा घमासान
- नीति या मनमानी, चना उपार्जन में अचानक बदलाव से उठे सवाल
- किसके इशारे पर बदलाव, चना खरीदी व्यवस्था में दोहरी नीति से विवाद
- खरीदी सिस्टम में गड़बड़ी, नेफेड की नई व्यवस्था से बढ़ा असमंजस
- किसान असमंजस में, चना खरीदी की दोहरी व्यवस्था पर घिरा सिस्टम

सचिन तिवारी
नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 मई, रबी उपार्जन सीजन के बीच चना, मसूर और तुअर की खरीदी व्यवस्था को लेकर जिले में विवाद गहराता जा रहा है. केंद्र सरकार की एजेंसी नेफेड द्वारा लागू की गई डायरेक्ट प्रोक्योरमेंट प्रणाली ने पहले से तय खरीदी ढांचे पर सवाल खड़े कर दिए हैं. किसान, समितियां और स्थानीय स्तर के जिम्मेदार लोग इस बदलाव को लेकर असमंजस और नाराजगी जता रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार, जनवरी-फरवरी में किसानों से पंजीयन कराकर खरीदी की जिम्मेदारी 43 सेवा सहकारी समितियों, 6 मार्केटिंग सोसायटियों और एक एफपीओ को सौंपी गई थी. इसके बावजूद अब सीजन के बीच स्वयं संचालित क्रय केंद्र खोलने के लिए नए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं. इस अचानक बदलाव से यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह निर्णय पूर्व निर्धारित नीति का हिस्सा है या फिर किसी विशेष परिस्थिति या दबाव में लिया गया है.



## फर्जी खरीदी और अनियमितताओं की आशंका

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खरीदी प्रक्रिया की सख्त निगरानी नहीं हुई तो फर्जी खरीदी, गलत तौल और गुणवत्ता में हेरफेर जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं. ऐसी स्थिति में कागजी किसानों. के नाम पर उपज बेचने और सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है. सूत्रों के अनुसार, कुछ स्थानों पर नियुक्त सर्वेयरों पर किसानों से पैसों की मांग करने के आरोप लगे हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो और स्थानीय स्तर पर शिकायतों की चर्चा है. हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है.

## नियमों और जमीनी हकीकत में अंतर

सरकारी गाइडलाइन के अनुसार खरीदी केवल शासकीय गोदामों में, सर्वेयर की उपस्थिति में और निर्धारित मानकों के तहत होनी चाहिए. निजी गोदामों में खरीदी पर रोक स्पष्ट रूप से लागू है.हालांकि, जिले के कुछ क्षेत्रों—विदिशा, शमशाबाद, लटेरी और कुरवाई—से मिल रही सूचनाएं इन नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर रही हैं. स्थानीय स्तर पर निजी स्थानों पर खरीदी और निगरानी में ढिलाई की चर्चाएं सामने आ रही हैं.

## भुगतान में देरी से बढ़ी परेशानी

खरीदी के साथ-साथ भुगतान व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है. किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिल पाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है. वहीं, खरीदी से जुड़ी समितियां और एजेंसियां भी भुगतान में देरी से परेशान बताई जा रही हैं. किसानों का कहना है कि जब उन्होंने तय प्रक्रिया के तहत पंजीयन कराया, तो अब बिना पंजीयन वाले केंद्रों या व्यवस्थाओं को अवसर देना उनके साथ अन्याय है. उनका आरोप है कि इससे पारदर्शिता प्रभावित हो रही है और व्यवस्था पर भरोसा कम हो रहा है. प्रशासन का कहना है कि यदि कहीं भी गाइडलाइन का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. हालांकि, अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिकायतों पर कितनी जल्दी और प्रभावी कार्रवाई होती है.

**तथ्य एक नजर में**

- चना एमएसपी 5875 प्रति क्विंटल
- मसूर एमएसपी 7000 प्रति क्विंटल
- खरीदी अवधि 30 मार्च से 28 मई
- राज्य एजेंसी एमपी मार्क फेड
- राष्ट्रीय एजेंसियां नेफीड एनसीसीएफ

## किसानों का भरोसा कायम रहे यह भी जरूरी

खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास बनाए रखना प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी है। यदि सामने आ रहे आरोपों में सच्चाई है, तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि पूरी प्रणाली पर सवाल खड़े करता है. ऐसे में आवश्यक है कि मामले की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कर स्पष्ट स्थिति सामने लाई जाए, ताकि किसानों का भरोसा कायम रह सके. इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि पूर्व में खरीदी का कार्य मार्केटिंग फेडरेशन के माध्यम से किया जाता था अब नेफेड अधिकारियों की मॉनिटरिंग में एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के माध्यम से भी खरीदी की जा रही है और नेफेड के निर्देशानुसार 'ई-समृद्धि विकास पोर्टल' पर किसानों का पंजीयन कर सीधे तौल की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उनका कहना है कि ई-समृद्धि पोर्टल पर पूर्व में भी खरीदी की गई है, लेकिन इस बार जिस बड़े स्तर पर इसे लागू किया गया है, वैसी स्थिति पहले कभी नहीं रही. वहीं उनका यह भी कहना है कि हमारे केंद्रों पर तेबड़ा को लेकर सख्ती है. वहीं कृषि अधिकारी केशव सिंह खपड़िया ने कहा कि यह खरीदी भारत सरकार और नेफेड द्वारा की जा रही है कुछ वर्षों पहले भी एफपीओ के माध्यम से खरीदी हो चुकी है बीच-बीच में तिलहन की खरीदी करते हैं हरियाणा और पंजाब में भी इसी माध्यम से खरीदी होती है.

## चना मसूर खरीदी में दोहरी नीति- कटारे

जिले में चना और मसूर खरीदी को लेकर दोहरी नीति मेरी समझ से परे हैं। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कटारे ने कहा कि अलग-अलग व्यवस्थाओं के चलते किसान और समितियां दोनों परेशान हो रही हैं. कटारे के अनुसार, कुछ खरीदी केंद्रों पर मामूली तेवड़ा होने पर किसानों का माल रिजेक्ट कर दिया जाता है, जबकि ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से उसी गुणवत्ता के माल को पास कर तौल कराई जा रही है. इससे खरीदी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि ई-उपार्जन में माल उठाने की समय सीमा 72 घंटे निर्धारित है, लेकिन कई केंद्रों पर 4 से 5 दिन बीतने के बाद भी परिवहन नहीं हो पा रहा है. इसके चलते केंद्रों पर माल का दबाव बढ़ गया है और बारदाना खत्म होने की स्थिति में कुछ समितियों को तौल कार्य बंद करना पड़ा है। कटारे ने कहा कि यदि इस बीच बारिश या अन्य कारणों से माल खराब होता है, तो वर्तमान नियमों के तहत इसकी जिम्मेदारी समिति प्रबंधन पर ही डाली जाती है, जो उचित नहीं है. उन्होंने मांग की है कि परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और तय समय सीमा में माल उठान न होने पर समितियों को जिम्मेदार न ठहराया जाए.

## ब्रांच के अधिकारियों ने नहीं उठाये फोन

वहीं इस संबंध में जब भोपाल नेफेड के स्टेट हैड हरिओम सोलंकी से उनके मोबाईल नंबर 9822772449 एवं नेफेड भोपाल के ब्रांच हैड पुनित सिंह से उनके मोबाईल नंबर 9868986773 पर चर्चा करनी चाही तो उनके फोन नोट रिप्लाई होते रहे.



# तुलाई में गड़बड़ी पर भड़के किसान आनंदपुर में चक्का जाम

- 2 घंटे ठप रहा हाईवे

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर, तय मानकों से अधिक अनाज तुलाई और सैंपल के नाम पर कटौती से नाराज किसानों ने शुक्रवार को आनंदपुर स्थित पालीवाल वेयरहाउस के सामने विदिशाङ्गगुना मुख्य मार्ग पर करीब दो घंटे तक चक्का जाम कर दिया. इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित रहा.**

किसानों ने आरोप लगाया कि हम्माल प्रति बोरी 52 किलो तक अनाज तौल रहे थे, जो निर्धारित नियमों के खिलाफ है. इसके अलावा सैंपल के नाम पर प्रति ट्रॉली लगभग 7 किलो अतिरिक्त अनाज लिया जा रहा था. विरोध करने पर सर्वेयरों द्वारा अनाज पास न करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया, जिससे किसानों में आक्रोश फैल गया. सूचना मिलते ही लटेरी से खाद्य अधिकारी अंजना इक्का और नायब तहसीलदार भास्कर सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने किसानों की शिकायत सुनकर जांच की, जिसमें सर्वेयरों की गलती सामने आई. उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया.



## किसानों के साथ हो रही खुली लूट

किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने इसे किसानों के साथ खुली लूट करार देते हुए जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह में यह चौथी बार चक्का जाम हुआ है, जिससे क्षेत्र में किसानों की बढ़ती नाराजगी साफ नजर आ रही है.

## आज आयेंगे केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** किसानों की उपज और उपार्जन व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार की सक्रियता के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 2 मई 2026, शनिवार को विदिशा दौरे पर रहेंगे . निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक लेंगे.इस बैठक में विदिशा और गंजबासौदा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे.बैठक के दौरान खरीदी व्यवस्था, किसानों को आ रही समस्याएं और उपार्जन प्रक्रिया की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी .समीक्षा बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण भी करेंगे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे. इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.

# वाहन चेकिंग में 8 चालान, 2400 समन शुल्क वसूला

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज. थाना गुलाबगंज द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 8 चालान किए गए और 2400 रुपए समन शुल्क वसूला गया.**



अभियान के अंतर्गत पुलिस स्टाफ द्वारा कस्बे में हेलमेट पहनकर वाहन रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया गया.पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अपनी सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें.

# भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई सदाशिव धाम हिनोतिया की श्री राम कथा

- सात दिवसीय संगीतमय कथा का हवन-पूजन के साथ समापन
- आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**नटेरन 1 मई, समीपस्थ ग्राम हिनोतिया स्थित श्री सदाशिव धाम पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हो गया. कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक प्रसंग का श्रवण किया, जिसके पश्चात हवन-पूजन के साथ कथा की पूर्ण आहुति दी गई.**



समापन अवसर पर धाम परिसर में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया. दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें हिनोतिया सहित आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.कथा व्यास ने अंतिम दिन के प्रसंग में कहा कि भगवान राम का जीवन मर्यादा, त्याग और आदर्शों का प्रतीक है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए.आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा. आरती के पश्चात श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रसादी प्राप्त की.



# प्रतिभा प्राइज सेरेमनी में मेधावी छात्रों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**ओलंपस के प्रतिभा प्राइज सेरेमनी में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभाशाली छात्रों को स्कॉलरशिप, सर्टिफिकेट एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई.

इस अवसर पर कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड की छात्रा अवनी जाट ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की. उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 25,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई.कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

# सहायक शिक्षक राकेश शर्मा को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

- साथियों ने दी शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज

**विदिशा, संकुल केंद्र देवखजूरी की प्राथमिक शाला छापखेड़ा में पदस्थ सहायक शिक्षक श्री राकेश शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई . इस अवसर पर सहकर्मियों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उनके दीर्घ और समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की .**



कार्यक्रम के दौरान अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल राय, बलराम किरार, गजेंद्र रघुवंशी, ओमकार यादव, सीताराम रघुवंशी सहित अन्य साथियों ने श्री शर्मा को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं . सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि श्री शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया, जो सदैव प्रेरणादायी रहेगा .

# जनगणना निदेशक व कलेक्टर ने शिक्षक केजी राजपूत व टीम को किया सम्मानित, गोंडखेड़ी बनी मिसाल

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जब सरकारी अपील को कोई कर्मठ व्यक्ति अपना मिशन बना ले, तो परिणाम ऐतिहासिक होते हैं . ऐसा ही उदाहरण ग्राम गोंडखेड़ी में देखने को मिला, जहाँ शिक्षक केजी राजपूत कृष्णगोपाल राजपूत के विशेष प्रयासों से पूरा गांव शत-प्रतिशत 'स्व-गणना' युक्त हो गया . इस उपलब्धि पर जिला मुख्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में जनगणना निदेशक और जिला प्रशासन द्वारा पूरी टीम को सम्मानित किया गया .उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं एसडीएम सहित पठारी तहसीलदार श्री पांडेय द्वारा लगातार स्व-गणना की अपील की जा रही थी . इस आह्वान को गंभीरता से लेते हुए शिक्षक केजी राजपूत ने बिना किसी आधिकारिक ड्यूटी के स्वैच्छिक रूप से घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया . उनके प्रयासों का ही परिणाम रहा कि पूरे गांव ने डिजिटल माध्यम से अपनी गणना स्वयं पूर्ण की .शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल, उप महा रजिस्ट्रार विजय कुमार, कलेक्टर गुप्ता एवं अपर कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी अनिल डामोर ने टीम के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की .इस दौरान शिक्षक केजी राजपूत, सर्किल सुपरवाइजर राघवेंद्र सिंह राजपूत, प्रगणक सुरेन्द्र दुबे एवं हनुमत सिंह राजपूत को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया .

**समर कैंप** | **पहले दिन 80 से अधिक बच्चों ने चुनीं विविध गतिविधियां, 20 दिन में हुनर निखारने का लक्ष्य**

# ओलंपस हाई के समर कैंप ओलंपिया का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल के समर कैम्प ओलंपिया का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें पहले ही दिन 80 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों का चयन कर आगामी 20 दिनों में उनमें पारंगत होने का लक्ष्य तय किया.**




स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि कैम्प में स्विमिंग बच्चों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बना हुआ है. तैराकी के साथ-साथ बच्चों ने डांस, म्यूजिक, क्राफ्ट, क्रिकेट, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी गतिविधियों में भी रुचि दिखाई है.उन्होंने बताया कि यह समर कैम्प पिछले 12 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केवल स्कूल के ही नहीं बल्कि शहर के अन्य विद्यालयों के बच्चे भी भाग लेने आते हैं.अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी प्रशिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं. साथ ही अभिभावकों द्वारा ओलंपस हाई स्कूल पर जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया.

# मजदूर दिवस व बुद्ध जयंती पर मानव सेवा न्यास में सेवा का भाव

## जरूरतमंदों को कराया गया भोजन प्रसादी

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मजदूर दिवस एवं बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर विदिशा स्थित मानव सेवा न्यास में सेवा और समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल देखने को मिली . न्यास से जुड़े शुभचिंतकों द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की .**



इस अवसर पर जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया और उनके साथ समय बिताकर उनकी समस्याओं को भी सुना गया . आयोजन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सहयोग और संवेदना का संदेश देना रहा .न्यास के शुभचिंतकों ने बताया कि मजदूर दिवस और बुद्ध जयंती जैसे अवसर हमें सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देते हैं . उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य लगातार किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके .कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर समाज में भाईचारे, सहयोग और सेवा भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया.